**INDIAN SCHOOL SOHAR** — No. of printed pages:08

**PERIODIC TEST-III (2023-24)** — SET-I

**SUBJECT-HINDI (COURSE-B)**

**SUBJECT CODE-085**

**CLASS : X** — **MAX. MARKS : 80**

**DATE : 29/11/2023** — **TIME: 3 HOURS**

सामान्य निर्देश:

इस प्रश्न-पत्र में कुल 18 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और खंड 'ब'।

प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।

यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

---

## खंड 'अ' (बहुविकल्पीय /वस्तुपरक प्रश्न)

प्रश्न-1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए – (1x5=5)

मित्रता को निभाना भी मुश्किल कार्य है। इसे ईर्ष्या, द्वेष, अपमान, तिरस्कार, उपहास, मानसिक व हार्दिक संकीर्णता तथा संदेह से बचाना जरूरी है। दोस्ती की सौंधी-सी सुगंध से जीवन सराबोर रखना है, तो कुछ बातों को ध्यान में रखना होगा। मित्र ऐसा हो जो सही मार्गदर्शन कर सके, आपके लिए सही अर्थों में हमदर्द बन सके जो आपको नेक सलाह दे और आपके दुख-दर्द में सम्मिलित हो सके। जो आपको निराशा और हताशा का शिकार ना बनने दे, बल्कि आशावादी और ऊर्जावान बनाने में सहायता करे। सच्चाई, ईमानदारी, परस्पर साझेदारी, प्रेम, विश्वास, निस्वार्थ-भावना एक-दूसरे के लिए हर पल सर्वस्व त्याग की भावना मित्रता को सफलता के उच्चतम पायदान पर पहुँचा देते हैं अतः इनको ध्यान में रखें। मित्रता में धन को कभी ना आने दें क्योंकि वक्त आने पर सभी संबंधों को तोड़ने में यह अहम भूमिका अदा करता है। दोस्ती में कभी भी झूठ नहीं बोलना चाहिए, दोस्ती जहाँ तक संभव हो अपनी बराबरी वालों से ही करनी चाहिए अन्यथा कभी-कभी बातों में किसी प्रकार का अहम मित्रता को शत्रुता में बदल सकता है। सच्ची मित्रता में एहसान और मेहरबानी का कोई स्थान नहीं होता, सिर्फ मित्रता होती है। ऐसी-वैसी कोई बात घटित हो जाए तो उसका ज़िक्र तीसरे के सामने नहीं करें, संदेह व अविश्वास को कभी पनपने ही न दें। मित्रता कितनी भी अटूट और घनिष्ठ क्यों न हो, कभी भी मित्र को किसी गलत कार्य के लिए प्रेरित या उत्साहित न करें। यदि किसी परिस्थितिवश या अन्य कारण विशेष से वह कोई अनैतिक या गलत राह पर जा रहा हो तो तत्काल मार्ग प्रशस्त करें और नेक सलाह देकर उचित मार्गदर्शन करें।

(i) मुश्किल कार्य क्या है ?

(क) मित्रता को निभाना
(ख) मित्रता करना
(ग) सही मार्गदर्शन करना
(घ) मित्रता को सौंधी-सी सुगंध से भरना

(ii) मित्रता को बचाना आवश्यक है –

(क) ईर्ष्या, द्वेष से
(ख) उपहास, मानसिक संकीर्णता से
(ग) अपमान, तिरस्कार से
(घ) सभी विकल्प सही

(iii) सच्चा मित्र कौन है ?

(क) जो मार्ग प्रशस्त करे और अच्छी सलाह दे।
(ख) जो अपने मित्र को सही कार्य करने की प्रेरणा दे।
(ग) 'क' और 'ख' दोनों विकल्प सही हैं।
(घ) जो मित्र के सुख में सम्मिलित हो सके।

(iv) मित्रता को सफल बनाने वाले गुण कौन-से हैं ?

(क) सच्चाई, ईमानदारी, त्याग की भावना
(ख) संदेह की भावना
(ग) प्रतिस्पर्धा की भावना
(घ) अनैतिक राह बताना

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) - जहाँ तक संभव हो अपनी बराबरी वालों से ही दोस्ती करनी चाहिए।

कारण (R) – नहीं तो अहंकार मित्रता को दृढ़ कर सकता है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है।

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

प्रश्न-2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए – (1x5=5)

अधिकतर लोगों की यही शिकायत होती है कि उन्हें पनपने के लिए सटीक माहौल व संसाधन नहीं मिल पाए, नहीं तो आज वे काफी आगे होते और आज भी ऐसे कई लोग हैं, जो संसाधन और स्थितियों के अनुकूल होने के इंतज़ार में खुद को रोके हुए हैं। ऐसे लोगों के लिए ही किसी विद्वान ने कहा है- इंतज़ार मत कीजिए, समय एकदम अनुकूल कभी नहीं होता। जितने संसाधन आपके पास मौजूद हैं, उन्हीं से शुरुआत कीजिए और आगे सब बेहतर होता जाएगा। जिनके इरादे दृढ़ होते हैं, वे सीमित संसाधनों में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाते हैं। नारायणमूर्ति ने महज दस हजार रुपये में अपने छह दोस्तों के साथ इन्फोसिस की शुरुआत की और आज इन्फोसिस आई टी के क्षेत्र की एक बड़ी कंपनी है। करौली टकेक्स , पहले अपने दाएँ हाथ से निशानेबाजी करते थे, मगर उनका वह हाथ एक विस्फोट में चला गया। फिर उन्होंने अपने बाएँ हाथ से शुरुआत की और 1948 व 1952 में ओलंपिक स्वर्ण-पदक अपने नाम किया। लिओनार्दो द विंची, रवींद्रनाथ टैगोर, थॉमस अल्वा एडिसन, टेलीफोन के आविष्कारक ग्राहम बेल, वॉल्ट डिज्नी– ये सब अपनी शुरुआती उम्र में डिस्लेक्सिया से पीड़ित रह चुके हैं, जिसमें पढ़ने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, फिर भी ये सभी अपने-अपने क्षेत्र के शीर्ष पर पहुँचे। अगर ये लोग भी इसी तरह माहौल और संसाधनों की शिकायत और इंतज़ार करते, तो क्या कभी उस मुकाम पर पहुँच पाते, जहाँ वे मौजूद हैं ? अगर हमने अपना लक्ष्य तय कर लिया है, तो हमें उस तक पहुँचने की शुरुआत अपने सीमित संसाधनों से ही कर देनी चाहिए। किसी इंतज़ार में नहीं रहना चाहिए। ऐसे में इंतज़ार करना यह दर्शाता है कि हम अपने लक्ष्य को पाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध नहीं हैं। इसलिए हमें अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत कर जुट जाना होगा। इंतज़ार करेंगे, तो करते रह जाएँगे।

(i) 'समय एकदम अनुकूल कभी नहीं होता' यहाँ 'एकदम' का अर्थ है –

(क) निरंतर (ग) एकैक

(ख) हरदम (घ) तत्काल

(ii) 'ऐसे लोगों के लिए ही किसी विद्वान ने कहा है' – यह अंश किस विकल्प की ओर संकेत करता है ?

(क) प्रतिकूल स्थितियों को अनुकूल बनाते लोग (ग) अनुकूल परिस्थितियों में आगे बढ़े लोग

(ख) अनुकूल परिस्थितियों की प्रतीक्षा कर रहे लोग (घ) दृढ़ इरादों वाले लोग

(iii) नारायण मूर्ति, ग्राहम बेल आदि के उदाहरण क्यों दिए गए हैं ?

(क) प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सफलता पाने के कारण (ग) अनुकूल परिस्थितियाँ मिलने के कारण

(ख) डिस्लेक्सिया से ग्रस्त होने का कारण (घ) असीमित संसाधन होने के कारण

(iv) लिओनार्दो द विंची, रवींद्रनाथ टैगोर, थॉमस अल्वा एडिसन, टेलीफोन के आविष्कारक ग्राहम बेल, वॉल्ट डिज्नी- सभी अपने-अपने क्षेत्र के शीर्ष पर पहुँचे –

(क) दृढ़ इच्छा शक्ति के कारण (ग) क, ख दोनों

(ख) डिस्लेक्सिया के कारण (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(v) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर सही उत्तर के लिए उपयुक्त विकल्प चुनिए –

कथन (A) – हमें अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत कर जुट जाना होगा।

कारण (R) – तभी हम अपने लक्ष्य को पा सकते हैं।

(क) कथन (A) गलत है और कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) सही है और कारण (R) गलत है।

(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

प्रश्न-3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1x4=4)

(i) शेर की तरह दहाड़ ने वाले तुम आज शांत क्यों हो ? – वाक्य में सर्वनाम पदबंध कौन-सा है ?

(क) शेर की तरह दहाड़ने

(ख) शेर की तरह दहाड़ने वाले

(ग) शेर की तरह

(घ) शेर की तरह दहाड़ने वाले तुम

(ii) किसान खेत की ओर जा रहा है। – वाक्य में रेखांकित पदबंध का नाम चुनिए –

(क) विशेषण पदबंध

(ख) क्रिया पदबंध

(ग) क्रिया-विशेषण पदबंध

(घ) संज्ञा पदबंध

(iii) ओस की बूँद पत्तों पर चलते हुए धीरे-धीरे गिरी। रेखांकित पद के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए।

(क) संज्ञा पदबंध

(ख) विशेषण पदबंध

(ग) क्रिया-विशेषण पदबंध

(घ) क्रिया पदबंध

(iv) 'दिनभर का थका वह समुद्र के किनारे उदास बैठा था। वाक्य में रेखांकित पद समूह कौन-सा पदबंध है ?

(क) सर्वनाम पदबंध

(ख) विशेषण पदबंध

(ग) संज्ञा पदबंध

(घ) क्रिया-विशेषण पदबंध

(v) 'बड़े भाई साहब सुबह से शाम तक पढ़ते रहते थे।' वाक्य में क्रिया-विशेषण पदबंध कौन-सा है ?

(क) बड़े भाई साहब

(ख) पढ़ते रहते थे

(ग) शाम तक पढ़ते

(घ) सुबह से शाम तक

प्रश्न-4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1x4=4)

(i) पुरोहित जी किसी को दुख देना नहीं चाहते थे। रचना के आधार पर सही वाक्य-भेद चुनिए –

(क) सरल वाक्य

(ख) संयुक्त वाक्य

(ग) मिश्र वाक्य

(घ) निषेधात्मक वाक्य

(ii) सुबह होते ही पक्षी चहचाहने लगे। इस वाक्य का संयुक्त वाक्य में सही रूपांतरण कौन-सा है ?

(क) जब सुबह हुई, तब पक्षी चहचहाने लगे।

(ख) जैसे ही सुबह हुई, पक्षी चहचहाने लगे।

(ग) सुबह हुई और पक्षी चहचहाने लगे।

(घ) पक्षी चहचहाने लगे, जब सुबह हुई।

(iii) मेरे कहने पर सब मान गए। इस वाक्य का संयुक्त वाक्य में सही रूपांतरण कौन-सा है ?

(क) जब मैंने कहा,तब सब मान गए।

(ख) जैसे ही मैंने कहा, वैसे ही सब मान गए।

(ग) मैंने जो भी कहा, सब मान गए।

(घ) मैंने कहा और सब मान गए।

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्र वाक्य कौन-सा है ?

(क) माता-पिता की सेवा करने वाला सदैव सुखी रहेगा।

(ख) जो माता-पिता की सेवा करेगा वह हमेशा सुखी रहेगा।

(ग) माता-पिता की सेवा करो और सदैव सुखी रहो।

(घ) माता-पिता की सेवा करोगे इसलिए सदैव सुखी रहोगे।

(v) बच्चा गिर पड़ा इसलिए रो रहा था। इस वाक्य का सरल वाक्य में सही रूपांतरण कौन-सा है ?

(क) बच्चा रो रहा था क्योंकि वह गिर पड़ा था।
(ग) गिर जाने के कारण बच्चा रो रहा था।

(ख) जब बच्चा गिरा, तब वह रो रहा था।
(घ) जैसे ही बच्चा गिरा, वैसे ही वह रोने लगा।

प्रश्न-5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखिए : (1x4=4)

(i) 'दशानन' समस्तपद कौन-से समास का उदाहरण है ?

(क) तत्पुरुष समास
(ग) अव्ययीभाव समास

(ख) बहुव्रीहि समास
(घ) द्वंद्व समास

(ii) किस समास में दोनों प्रधान होते हैं ?

(क) तत्पुरुष समास
(ग) कर्मधारय समास

(ख) बहुव्रीहि समास
(घ) द्वंद्व समास

(iii) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए –

| | |
|---|---|
| (1) विषय-सूची | (1) बहुव्रीहि समास |
| (2) नीलगगन | (2) अव्ययीभाव समास |
| (3) चौराहा | (3) द्विगु समास |
| (4) गुरु-शिष्य | (4) द्वंद्व समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं –

(क) (1) और (2)
(ग) (3) और (4)

(ख) (1) और (3)
(घ) (4) और (2)

(iv) 'जन्मांध' शब्द किस समास का उदाहरण है ?

(क) कर्मधारय समास
(ग) द्विगु समास

(ख) तत्पुरुष समास
(घ) बहुव्रीहि समास

(v) 'चंद्र के समान मुख वाली' के लिए समस्तपद चुनिए –

(क) चंद्रमुखी
(ग) चंद्रमुख

(ख) चांदमुखी
(घ) चंद्रामुखी

प्रश्न-6. निर्देशानुसार 'मुहावरों' पर आधारित छह बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1x4=4)

(i) 'कोई भी महत्त्वहीन व्यक्ति' के लिए उपयुक्त विकल्प है –

(क) सिरफिरा होना
(ग) ऐरा-गैरा नत्थू-खैरा

(ख) लाटगवर्नर होना
(घ) पंच परमेश्वर होना

(ii) 'बिल्कुल अच्छा ना लगना' के लिए उपयुक्त मुहावरा है –

(क) फूटी आँख ना सुहाना
(ग) आँखों में तैरना

(ख) पलकों पर बिठाना
(घ) दिल पसीजना

(iii) किसानों ने अपनी माँग पूरी करवाने के लिए दिल्ली की सीमाओं पर------- लिया। रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त विकल्प क्या होगा ?

(क) आँखें फेर लेना
(ख) आसमान सिर पर उठाना
(ग) डेरा डालना
(घ) अपनी खिचड़ी अलग पकाना

(iv) 'एकदम इनकार करना' भाव को व्यक्त करने में जो मुहावरा अधिक उपयुक्त है उसका चयन कीजिए –

(क) उँगली पर नाचना
(ख) अँगूठा दिखाना
(ग) काम ना आना
(घ) काया पलट होना

(v) हरिहर काका की आवाज सुनकर महंत के--------- गए। रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त मुहावरा क्या होगा ?

(क) हाथ-पाँव फूलना
(ख) सुध-बुध खोना
(ग) कान खड़े होना
(घ) नाक कटना

(vi) 'आड़े हाथों लेना' मुहावरे का अर्थ है –

(क) रौब जमाना
(ख) काम में अड़चन डालना
(ग) बुरी तरह हराना
(घ) सख़्ती से पेश आना

प्रश्न-7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए – (1x5=5)

पावस ऋतु थी, पर्वत प्रदेश
पल-पल परिवर्तित प्रकृति-वेश।
मेखलाकार पर्वत अपार
अपने सहस्त्र दृग-सुमन फाड़,
अवलोक रहा है बार-बार
नीचे जल में निज महाकार,
जिसके चरणों में पला ताल
दर्पण-सा फैला है विशाल !

(i) पद्यांश में किस ऋतु का वर्णन किया गया है ?

(क) शरद ऋतु का
(ख) ग्रीष्म ऋतु का
(ग) वर्षा ऋतु का
(घ) वसंत ऋतु का

(ii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए।

कथन (A) – मेखलाकार पर्वत अपार।
कारण (R) – बढ़ रहा पल-पल महाकार।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
(ख) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है।
(ग) कथन (A)सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(iii) पर्वत के चरणों में स्थित ताल की तुलना किससे की गई है ?

(क) सूर्य से
(ख) सागर से
(ग) रेगिस्तान से
(घ) शीशे से

(iv) 'सहस्त्र दृग-सुमन फाड़' से कवि क्या कहना चाहता है ?

(क) वृक्ष हजारों पुष्प रूपी आँखों से अपने विशाल रूप को तालाब में देख रहे हैं।

(ख) पर्वत हजारों पुष्प रूपी आँखों से अपने विशाल रूप को तालाब में देख रहा है।

(ग) दर्पण रूपी तालाब अपनी हजारों आँखों से पर्वत शृंखला को देख रहा है।

(घ) वृक्ष और सुमन आँखें फाड़-फाड़ कर पर्वत शृंखला को देख रहे हैं।

(v) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए –

1 पर्वतीय क्षेत्र है और गर्मी की ऋतु है।

2 प्रकृति पल-पल अपना रूप बदल रही है।

3 पर्वत पर फूल नहीं खिले हैं।

4 पर्वत की तलहटी में एक तालाब है।

5 पर्वतमाला दूर-दूर तक फैली है।

पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखिए –

(क) 1, 2 और 4 (ग) 2, 4 और 5

(ख) 1, 4 और 5 (घ) 2, 3 और 4

प्रश्न-8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए – (1x2=2)

(i) कृष्ण गले में कौन-सी माला पहनते हैं ?

(क) कमल के फूलों की माला (ग) गुलाब के फूलों की माला

(ख) कनेर के फूलों की माला (घ) वैजयंती फूलों की माला

(ii) जब मैं था तब हरि नहीं, अब हरि हैं मैं नांहि। प्रस्तुत साखी में 'मैं' का क्या अर्थ है ?

(क) कबीरदास (ग) ईश्वर

(ख) अहंकार (घ) ज्ञान

प्रश्न-9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए – (1x5=5)

ऐसी एक घटना का ज़िक्र सिंधी भाषा के महाकवि शेख अयाज़ ने अपनी आत्मकथा में किया है। उन्होंने लिखा है– 'एक दिन उनके पिता कुएँ से नहाकर लौटे। माँ ने भोजन परोसा। उन्होंने जैसे ही रोटी का कौर तोड़ा। उनकी नज़र अपनी बाजू पर पड़ी। वहाँ एक काला च्योंटा रेंग रहा था। वह भोजन छोड़कर उठ खड़े हुए।' माँ ने पूछा,'क्या बात है ? भोजन अच्छा नहीं लगा ? शेख अयाज़ के पिता बोले,'नहीं, यह बात नहीं है। मैंने एक घर वाले को बेघर कर दिया है। उस बेघर को कुएँ पर उसके घर छोड़ने जा रहा हूँ।'

(i) प्रस्तुत गद्यांश में शेख अयाज़ ने किस-किस के बीच हुई बातचीत का वर्णन किया है ?

(क) अपने चाचा और चाची के बीच (ग) अपने भाई और बहन के बीच

(ख) अपने दादा और दादी के बीच (घ) अपने माता-पिता के बीच

(ii) माँ ने पूछा ने यह क्यों पूछा कि "क्या बात है ? भोजन अच्छा नहीं लगा ?"

(क) उनके पुत्र भोजन छोड़कर उठ खड़े हुए थे। (ग) उनके पति भोजन छोड़कर उठ खड़े हुए थे।

(ख) पति की बाजू पर काला च्योंटा रेंग रहा था। (घ) शेख अयाज़ ने पहला कौर ही तोड़ा था।

(iii) प्रस्तुत गद्यांश में शेख अयाज़ है –

(क) जीवों के प्रति दया-भाव रखने वाला (ग) सिंधी भाषा के महालेखक

(ख) सिंधी भाषा के महाकवि (घ) उपर्युक्त सभी कथन सही

(iv) शेख अयाज़ के पिता ने ऐसा क्यों कहा,“मैंने एक घरवाले को बेघर कर दिया है।”

(क) उन्होंने अपने आप को घर से बेघर कर दिया था।

(ख) उन्होंने पक्षी को अपने घर कुएँ से बेघर कर दिया था।

(ग) अपने पैर पर च्योंटे को रेंगते हुए देखकर।

(घ) उन्हें ऐसा लगा कि उनकी वजह से च्योंटा अपने घर कुएँ से बेघर हो गया है।

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) – शेख अयाज़ के पिता सिंधी भाषा के महाकवि हैं।

कारण (R) – महाकवि शेख अयाज़ के पिता ने सिंधी भाषा में आत्मकथा लिखी।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है।

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

प्रश्न-10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए – (1x2=2)

(i) ‘तताँरा-वामीरो कथा’ में पशु-पर्व में आए लोग क्या देखकर सहम उठे थे ?

(क) विलक्षण दैवीय तलवार देखकर

(ख) तताँरा के क्रोध को देखकर

(ग) वामीरो की माँ का गुस्सा देखकर

(घ) द्वीप के दो भागों में बँट जाने से

(ii) आपके द्वारा पढ़े गए किस पाठ से स्वतंत्रता की कीमत पहचानने और उसकी रक्षा करने की सीख मिलती है ?

(क) बड़े भाई साहब

(ख) अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले

(ग) साखी (कबीर)

(घ) डायरी का एक पन्ना

## खंड ‘ब’(वर्णनात्मक प्रश्न)

प्रश्न-11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए – (3x2=6)

(i)‘गिन्नी का सोना’ पाठ के आधार पर उदाहरण सहित इस बात की पुष्टि कीजिए कि गांधी जी में नेतृत्व की अद्भुत क्षमता थी।

(ii) ‘जब से कानून भंग का काम शुरू हुआ है तब से आज तक इतनी बड़ी सभा ऐसे मैदान में नहीं की गई थी और यह सभा तो कहना चाहिए कि ओपन लड़ाई थी।’ यहाँ पर कौन-से और किसके द्वारा लागू किए गए कानून को भंग करने की बात कही गई है ? क्या कानून भंग करना उचित था ? ‘डायरी का एक पन्ना’ पाठ के संदर्भ में अपने विचार प्रकट कीजिए।

(iii) शैलेंद्र के निजी जीवन की छाप उनकी फ़िल्म में कैसे झलकती है ? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न-12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए – (3x2=6)

(i) ‘मनुष्यता’ शीर्षक कविता के माध्यम से कवि ने क्या संदेश दिया है ?

(ii) ‘तोप’ शीर्षक का भाव स्पष्ट करते हुए इसका गद्य में रूपांतरण कीजिए।

(iii) ‘आत्मत्राण’ कविता हमें दुख से संघर्ष करने का मार्ग दिखाती है। स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न-13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए – (3x2=6)

(i) हरिहर काका के गाँव में यदि मीडिया की पहुँच होती तो उनकी क्या स्थिति होती ? अपने शब्दों में लिखिए।

(ii) विद्यार्थियों को अनुशासन में रखने के लिए 'सपनों के-से दिन' पाठ में अपनाई गई युक्तियों और वर्तमान में अपनाई जा रही युक्तियों में क्या अंतर है ? आपके विचार से कौन-सी युक्ति श्रेष्ठ है और क्यों ? अपने विचार लिखिए।

(iii) टोपी पहली और दूसरी बार लगातार किन कारणों से फेल हुआ ? उसे किन परेशानियों का सामना करना पड़ा ? वर्णन कीजिए।

प्रश्न-14.निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए – (5)

(क) समाचार पत्र का महत्त्व
- उपयोगिता और आवश्यकता
- जागरूकता
- अध्ययन में रूचि बढ़ाना

(ख) स्वच्छ भारत: स्वस्थ भारत
- भूमिका और स्वच्छता का महत्त्व
- स्वच्छता एक अभियान
- स्वस्थ भारत की कल्पना और परिणाम

(ग) हमारी मेट्रो
- देश की प्रगति का नमूना और लोकप्रियता के कारण
- मेट्रो की आवश्यकता
- मेट्रो का विस्तार और मेट्रो से लाभ

प्रश्न-15. छात्रों को छात्रवृत्ति देने के लिए विद्यालय द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आप भी अपनी योग्यताओं का विवरण देते हुए लगभग 100 शब्दों में प्रधानाचार्य को आवेदन पत्र लिखिए। (5)

अथवा

पढ़ने-लिखने की उम्र में भीख माँगने वाले बच्चों की समस्या पर प्रभात दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।

प्रश्न-16. आपके विद्यालय में ग्रीष्मावकाश में विद्यार्थियों के लिए नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस संदर्भ में प्रधानाचार्य द्वारा लगभग 60 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए। (4)

अथवा

आप संगम कॉलोनी में साहित्य परिषद के सचिव हैं, आपकी कॉलोनी में कविता-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के लिए लगभग 60 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।

प्रश्न-17. आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित घर किराए पर देने के लिए लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (3)

अथवा

'दंत-चमक' टूथपेस्ट की विशेषताएँ बताते हुए लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्रश्न-18. 'करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान....' विषय पर लगभग 100 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए। (5)

अथवा

आपके क्षेत्र में पेयजल की अनियमित आपूर्ति हो रही है तथा पानी गंदा आ रहा है। इसकी शिकायत करने के लिए जल-बोर्ड के चेयरमैन को लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल भेजिए।